पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश

# प्रदेश के मुख्य कर–करेत्तर राजस्व वाले मदों में वित्तीय वर्ष 2025–26 के जनवरी माह में कुल रू0 18515.52 करोड़ का राजस्व प्राप्त

## प्रदेश सरकार के मुख्य कर–करेत्तर राजस्व वाले मदों में जनवरी 2025 के सापेक्ष जनवरी, 2026 में रु0 1089.58 करोड़ की वृद्धि

## कर राजस्व वाली मदों के अंतर्गत माह जनवरी तक रू0 178556.43 करोड़ की प्राप्ति

**लखनऊ : 05 फरवरी, 2026**

उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि प्रदेश के मुख्य कर–करेत्तर राजस्व वाले मदों में वित्तीय वर्ष 2025–26 के जनवरी माह में कुल रू0 18515.52 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ जबकि वित्तीय वर्ष 2024–25 के जनवरी माह में रू0 17425.94 करोड़ राजस्व प्राप्त हुआ था। इस प्रकार गत वर्ष की तुलना में वर्तमान वित्तीय वर्ष के माह जनवरी में रू0 1089.58 करोड़ राजस्व अधिक प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि कर राजस्व वाली मदों के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में माह जनवरी तक रू0 178556.43 करोड़ की प्राप्ति हुई है। जो वर्तमान वित्तीय वर्ष में माह जनवरी तक निर्धारित लक्ष्य का 74.1 प्रतिशत है।

वित्त मंत्री ने बताया कि जी०एस०टी० के अन्तर्गत माह जनवरी, 2026 में कुल रू0 7161.95 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत वर्ष जनवरी, 2025 के माह में प्राप्ति रू0 7167.29 करोड़ रही थी। वैट के अन्तर्गत माह जनवरी, 2026 में रू0 2816.47 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत वर्ष माह जनवरी, 2025 में प्राप्ति रू0 2797.32 करोड़ रही थी। आबकारी के अन्तर्गत माह जनवरी, 2026 में कुल रू0 4122.19 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत वर्ष माह जनवरी, 2025 में प्राप्ति रू0 3356.26 करोड़ रही थी। स्टाम्प तथा निबन्धन के अन्तर्गत माह जनवरी, 2026 की राजस्व प्राप्ति रू0 2748.74 करोड़ है जबकि गत वर्ष माह जनवरी, 2025 में प्राप्ति रू0 2511.11 करोड़ रही थी। परिवहन के अन्तर्गत माह जनवरी, 2026 की राजस्व प्राप्ति रू0 1219.38 करोड़ है जबकि गत वर्ष माह जनवरी, 2025 में प्राप्ति रू0 1110.83 करोड़ रही थी। करेत्तर राजस्व की प्रमुख मद भू–तत्व तथा खनिकर्म के अन्तर्गत माह जनवरी, 2026 में प्राप्ति रू0 446.79 करोड़ है जबकि गत वर्ष माह जनवरी, 2025 में प्राप्ति रू0 483.13 करोड़ रही थी।

श्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में माह जनवरी तक कर राजस्व के अंतर्गत कुल रू0 178556.43 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है। जो माह जनवरी 2026 तक निर्धारित लक्ष्य रू0 240980.67 करोड़ के सापेक्ष 74.1 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि राज्यकर के अंतर्गत माह जनवरी तक राजस्व प्राप्ति के निर्धारित लक्ष्य रू0 145427.47 करोड़ के सापेक्ष रू0 94039.39 करोड़ की प्राप्ति हुई है, जो इस अवधि तक निर्धारित लक्ष्य का 64.7 प्रतिशत है। आबकारी मद के अंतर्गत इस अवधि तक निर्धारित लक्ष्य रू0 48900.00 करोड़ के सापेक्ष रू0 43949.17 करोड़ की प्राप्ति हुई है, जो निर्धारित लक्ष्य का 89.9 प्रतिशत है। स्टाम्प तथा निबंधन के अंतर्गत जनवरी माह तक राजस्व प्राप्ति निर्धारित लक्ष्य रू0 31725. 00 करोड़ के सापेक्ष रू0 27137.81 करोड़ की प्राप्ति हुई है, जो लक्ष्य का 85.5 प्रतिशत है। परिवहन मद में निर्धारित लक्ष्य रू0 11428.20 करोड़ के सापेक्ष रू0 10063.39 करोड़ की प्राप्ति हुई है जो 88.1 प्रतिशत है।

---

सम्पर्क सूत्र– जयेन्द्र सिंह

राघवेन्द्र / 06:30 **PM**